# न्यायालय कलेक्टर, जिला-छतरपुर (म.प्र.)

छतरपुर, दिनांक – 07/08/2020

## // आ दे श //

प्रकरण क्रमांक 0001/अ-59/व्यपवर्तन/2020-21 संचालक, भौमिकी तथा खनिकर्म म0प्र0 29-ए, खनिज भवन अरेरा हिल्स भोपाल के पत्र क्रं0 4450/भौमिकी/नीलामी/न.क्रं.4/2020-21 भोपाल, दिनांक 24.05.2020 द्वारा ग्राम कसेरा तहसील बक्स्वाहा में चिन्हित 474 हे0 राजस्व भूमि को मे0 एस्सेल माईनिंग एण्ड इण्डस्ट्रीज लिमिटेड के पक्ष में वन व्यपवर्तन हेतु आरक्षित किए जाने का अनुरोध किया गया है।

प्राप्त प्रस्ताव के अनुक्रम में अनुविभागीय अधिकारी बिजावर जिला छतरपुर से विधिवत जांच प्रस्ताव सहित अभिमत प्राप्त किया गया। अनुविभागीय अधिकारी, बिजावर जिला छतरपुर के प्रकरण क्रं0 293/बी-121/2020-21, दिनांक 22.07.2020 से आदित्य बिरला ग्रुप की कंपनी मे0 एस्सेल माईनिंग एण्ड इण्डस्ट्रीज लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के आवेदन अनुसार ग्राम कसेरा तहसील बक्स्वाहा स्थित भूमि ख0नं0 13/1 में से 382.131 हे0 भूमि गैर वानिकी प्रयोजन हेतु आरक्षित हेतु तहसीलदार बक्स्वाहा के द्वारा प्र0क्रं0 0147/बी-121/2020-21 प्रकरण दर्ज करते हुये विधिवत उद्घोषणा का प्रकाशन कराया गया, विहित अवधि में किसी तरह की दावा/आपत्ति प्राप्त होना नहीं पाया गया, वन परिक्षेत्राधिकारी बकस्वाहा के प्रतिवेदन क्रं0 1022, दिनांक 20.07.2020 के द्वारा प्रश्नाधीन खसरा नं0 की भूमि का वन विभाग को हस्तांतरण के प्रस्ताव को संज्ञान में लिया जाना प्रतिवेदित करते हुये सहमति प्रदान की गई हैं।

अनुविभागीय अधिकारी, बिजावर के प्रस्ताव अनुसार प्रश्नाधीन भूमि ख0नं0 13/1 रकवा 484.346 हे0 ग्राम कसेरा तहसील बक्स्वाहा, राजस्व अभिलेख में म0प्र0 शासन बंजर मद में दर्ज है जिसमें से 57.210 हे0 भूमि म0प्र0 शासन वन भूमि दर्ज हैं। भूमि ख0नं0 13/1 में से रकवा 382.131 है0 आरक्षित एवं अंतरित किए जाने का प्रस्ताव नक्शें में लाल स्याही से प्रदर्शित किया गया है। प्रश्नाधीन भूमि प्रोटेक्टेड फारेस्ट वनखण्ड क्रं0 पी-278, 277, 275, 262, 263, 281 की सीमा से लगा होने के कारण आरक्षण हेतु उपयुक्त होना तथा आदित्य बिरला ग्रुप की कंपनी एस्सेल माईनिंग एवं इण्डस्ट्रीज लिमिटेड के बंदर डायमण्ड प्रोजेक्ट के वन क्षेत्र में गैर वानिकी प्रयोजन हेतु प्रश्नाधीन भूमि निस्तार की भूमि न होने से भूमि ख0नं0 13/1 रकवा 484.346 हे0 में से आवेदित रकवा 382.131 है0 स्थित ग्राम कसेरा प0ह0 बीरमपुरा रा0नि0मं0 बक्स्वाहा तहसील बक्स्वाहा जिला छतरपुर का आरक्षण किए जाने की अनुंशसा की गई हैं।

अतः अनुविभागीय अधिकारी, बिजावर के प्रस्ताव से सहमत होते हुए म0प्र0 भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 237 एवं उसके तहत बने नियमों के अन्तर्गत प्रश्नाधीन भूमि ख0नं0 13/1 रकवा 484.346 है0 में से आवेदित रकवा 382.131 हे0 स्थित ग्राम कसेरा प0ह0 बीरमपुरा रा0नि0मं0 बक्स्वाहा तहसील बक्स्वाहा जिला छतरपुर को आदित्य बिरला ग्रुप की कंपनी एस्सेल माईनिंग एवं इण्डस्ट्रीज लिमिटेड के बंदर डायमण्ड प्रोजेक्ट के अन्तर्गत आने वाली ग्राम सगोरिया तहसील बकस्वाहा जिला छतरपुर स्थित वनभूमि के बदले में Compensation afforsatation वन विभाग द्वारा किये जाने हेतु आरक्षित की जाती हैं।

( शीलेन्द्र सिंह ) 7/8/2020
कलेक्टर
जिला-छतरपुर, म0प्र0

पृ.प्र.क्र 0001/अ-59/व्यपवर्तन/2020-21 — छतरपुर, दिनांक :- 07.08.2020

प्रतिलिपिः--
1. सचिव, म.प्र. शासन खनिज साधन विभाग मंत्रालय भोपाल।
2. अतिरिक्त मुख्य प्रधान वन संरक्षक, भूमि प्रबंधन, सतपुड़ा भवन भोपाल।
3. आयुक्त, सागर संभाग, सागर।
4. संचालक, भौमिकी तथा खनिकर्म, म0प्र0 29-ए, खनिज भवन, अरेरा हिल्स भोपाल।
5. जिला वन मण्डलाधिकारी, जिला छतरपुर की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
6. अनुविभागीय अधिकारी (रा0), बिजावर जिला छतरपुर की ओर पालनार्थ प्रेषित।
7. तहसीलदार, बकस्वाहा, जिला छतरपुर की ओर पालनार्थ प्रेषित।
8. खनि अधिकारी खनि शाखा जिला छतरपुर की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
9. अधिकृत प्रतिनिधि, मेसर्स ऐस्सेल माईनिंग एण्ड इण्डस्ट्रीज लिमिटेड मुम्बई की ओर सूचनार्थ।

कलेक्टर
जिला-छतरपुर, म0प्र0